दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोरखपुर-273001

(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)

सम्बद्ध

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in

दिनांकः16.04.2026

प्रकाशनार्थ

दिनांक 16.04.2026 गोरखपुर। दिग्विजयनाथ पी.जी. कॉलेज, गोरखपुर के लिए अत्यंत हर्ष और गौरव का विषय है कि महाविद्यालय के मेधावी पुरातन छात्र अष्टभुजा त्रिपाठी, निवासी—मनीराम, गोरखपुर का चयन उत्तर प्रदेश सचिवालय में समीक्षा अधिकारी के प्रतिष्ठित पद पर हुआ है।

अष्टभुजा त्रिपाठी ने दिग्विजयनाथ पी.जी. कॉलेज, गोरखपुर से बी.एससी. एवं बी.एड. की शिक्षा प्राप्त की और अपने अध्ययन काल में सदैव उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एक मेधावी छात्र के रूप में अपनी पहचान बनाई।

उल्लेखनीय है कि उनके बड़े भाई संतोष त्रिपाठी महाविद्यालय में कार्यालय अधीक्षक के पद पर कार्यरत हैं, जिससे यह उपलब्धि महाविद्यालय परिवार के लिए और भी विशेष एवं गर्वपूर्ण बन जाती है।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह ने अष्टभुजा त्रिपाठी एवं उनके परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह हमारे महाविद्यालय परिवार के लिए अत्यंत गौरव का क्षण है। हमारे वर्तमान छात्रों के साथ—साथ हमारे पुरातन छात्र भी विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन कर रहे हैं।

महाविद्यालय परिवार अष्टभुजा त्रिपाठी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है और आशा करता है कि उनकी यह सफलता अन्य छात्रों के लिए प्रेरणास्रोत सिद्ध होगी।

डॉ.(शैलेश कुमार सिंह)
प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क